RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : गुरुवार 19 जून 2025 | वर्ष 07 | अंक 61 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®
खबरें बे-रोकटोक

नवी मुंबई में अपने कैम्पस खोलने जा रहे हैं 5 बड़े अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय...



Page - 3

# फडणवीस का बड़ा फैसला

## स्कूलों में हिंदी अनिवार्य नहीं, महाराष्ट्र सरकार ने त्रिभाषा फॉमूर्ले में किया बदलाव....

मुंबई: महाराष्ट्र में भाषा पर विवाद के बीच महाराष्ट्र की देवेंद्र फड़नवीस सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। राज्य में कक्षा 1 से 5 तक मराठी और अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में तीसरी भाषा के रूप में हिंदी अनिवार्य होगी। बुधवार को महाराष्ट्र सरकार ने आधिकारिक तौर पर आदेश जारी किया है। सरकार ने साफ किया कि हिंदी तृतीय भाषा के रूप में सामान्य रूप से अध्ययन के लिए लागू की जाएगी।



**सभी स्कूलों में मराठी भाषा होगी अनिवार्य**

सरकार ने आदेश में कहा कि सभी माध्यमों के स्कूलों में मराठी अनिवार्य भाषा होगी। इस कार्यान्वयन की सभी व्यवस्थाएं शिक्षा विभाग की तरफ से की जाएंगी। मराठी और अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में कक्षा 1 से 5 तक के लिए हिंदी अब से तीसरी भाषा होगी। हालांकि यदि ये छात्र हिंदी के बजाय किसी अन्य भारतीय भाषा को तीसरी भाषा के रूप में पढ़ाने की इच्छा व्यक्त करते हैं तो उन छात्रों को उस भाषा को तीसरी भाषा के रूप में पढ़ाने की अनुमति दी जाएगी।

**कितने बच्चों पर होगी टीचर की नियुक्ति?**

स्कूल में छात्र हिंदी के बजाय अन्य भाषाओं को तीसरी भाषा के रूप में पढ़ाने की इच्छा व्यक्त करते हैं, तो उनकी कक्षा में कम से कम संख्या 20 होनी चाहिए। यदि कम से कम 20 छात्र हिंदी के बजाय अन्य तीसरी भाषाएं पढ़ाने की इच्छा व्यक्त करते हैं तो उस भाषा को पढ़ाने के लिए एक शिक्षक प्रदान किया जाएगा, अन्यथा उक्त भाषा को ऑनलाइन पढ़ाया जाएगा।

**स्कूलों को जारी होगी गाइडलाइंस**

राज्य सरकार ने अपने आदेश में ये भी कहा है कि कक्षा 6 से 10 के लिए भाषा नीति राज्य पाठ्यक्रम योजना- स्कूल दिशानिर्देश के अनुसार होगी। फिलहाल राज्य सरकार ने अपना आदेश सरकारी वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है, जिसका कोड नंबर 202506172233593421 है। आदेश में कहा गया है कि सरकारी शुद्धिपत्र डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित करके जारी किया जा रहा है।

# पुणे में दर्दनाक सड़क हादसा!

## कार और पिकअप की टक्कर में 8 लोगों की मौत...!

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के पुणे जिले में बेहद ही दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है. जेजुरी मोरगांव रोड पर हुए इस हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई है. स्विफ्ट कार और पिकअप ट्रक के बीच जोरदार टक्कर के बाद ये दुर्घटना हुई. जानकारी के मुताबिक कार ने पिकअप गाड़ी को टक्कर मार दी. पुणे ग्रामीण एसपी संदीप सिंह गिल ने हादसे को लेकर जानकारी दी. मौके पर पुलिस की टीम पहुंची हुई है.

प्रारंभिक रिपोर्ट में बताया गया है कि इस दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में एक महिला समेत 8 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच लोग जख्मी हैं. यह हादसा बुधवार शाम करीब 7:15 बजे जेजुरी-मोरगांव रूट पर एक कंपनी के सामने हुआ. दुर्घटना के बाद स्थानीय लोग मौके



पर पहुंचे और पुलिस को भी बुलाया गया. घटनास्थल से मिली जानकारी के मुताबिक पुणे से मोरगांव जा रही स्विफ्ट डिजायर कार (टल 42 अ 1060) ने जेजुरी से मोरगांव जाते समय श्रीराम ढाबा के सामने एक पिकअप गाड़ी को उस समय टक्कर मार दी, जब पिकअप से सामान उतारा जा रहा था. सड़क पर एक कंपनी के सामने होटल श्रीराम के पास पिकअप से सामान उतारने का काम चल रहा था. तभी जेजुरी से इंदापुर जा रही कार ने पिकअप को जोरदार टक्कर मार दी.

# महाराष्ट्र के नवी मुंबई में बनेगा पहला डिटेंशन सेंटर...

## विदेशी नागरिकों की होगी खातिरदारी

**नवी मुंबई :** महाराष्ट्र राज्य पुलिस हाउसिंग एंड वेलफेयर कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने विदेशी नागरिकों के लिए राज्य के पहले डिटेंशन सेंटर बनाने के लिए टेंडर जारी किया है. यह सेंटर नवी मुंबई के बालेगां... बनाया जा... लोगों को... सूत्रों ने ब... ग्राउंड-प्लस... इसका कुल... वर्ग मीटर... अनुमानित... बताई गई है.



इस टेंडर की प्रक्रिया 20 मई से शुरू हो चुकी है और एप्लीकेशन जमा करने की अंतिम तिथि 13 जून तय की गई थी. सभी एप्लिकेशन 17 जून को खोली जाएंगी. टेंडर की शर्तों के अनुसार, वर्क आर्डर जारी होने की तारीख से 18 महीनों के भीतर यह प्रोजेक्ट पूरा होनी चाहिए, जिसमें मानसून काल भी शामिल है.

**विभाग ने निर्माण प्रक्रिया को आगे बढ़ा दिया है**

इस डिटेंशन सेंटर के प्रस्ताव को ...तीन मुख्यमंत्री ...की कैबिनेट ने ...मुख्यमंत्री उस ... पद पर थे. ...अब महाराष्ट्र ...ग ने निर्माण ...दिया है. ...बताया कि यह सेंटर ऐसे विदेशी नागरिकों के लिए बनाया जा रहा है जो वीजा एक्सपायर होने के बावजूद भारत में रह रहे हैं या ड्रग तस्करी जैसे मामलों में संलिप्त पाए गए हैं. सूत्रों ने आगे बताया कि, विशेषकर अफ्रीकी देशों के नागरिकों को मौजूदा व्यवस्था में पर्याप्त स्थान

# पवई तालाब ओवरफ्लो, दो दिनों की बारिश ने भरा तालाब

**मुंबई :** मुंबई के एक अहम कृत्रिम जल स्रोत, पवई तालाब ने बुधवार सुबह 6 बजे के करीब अपनी अधिकतम क्षमता पूरी कर ली और अब इसका पानी बहकर मिठी नदी में जा रहा है। बीते दो दिनों में पवई और इसके आसपास के इलाकों में हुई भारी बारिश के चलते यह तालाब पूरी तरह से भर गया है और अब पवई झील ओवरफ्लो होने लगा है। हम आपको बता दें कि पवई तालाब का पानी पीने योग्य नहीं होने की वजह से इसका उपयोग मुख्यतः औद्योगिक जरूरतों और आरे मिल्क कॉलोनी जैसे क्षेत्रों में गैर-पीने के कामों के लिए किया जाता है।



यह तालाब BMC मुख्यालय से करीब 27 किलोमीटर दूर स्थित है। पवई तालाब का निर्माण वर्ष 1890 में पूरा हुआ था। इसका कैचमेंट एरिया (पानी एकत्र करने का क्षेत्र) करीब 6.61 वर्ग किलोमीटर है। जब तालाब पूरी तरह भर जाता है, तो इसका जल क्षेत्रफल करीब 2.23 वर्ग किलोमीटर होता है। इसकी कुल जल धारण क्षमता 545.5 करोड़ लीटर (यानी 5455 मिलियन लीटर) है। तालाब भरने के बाद इसका अतिरिक्त पानी मिठी नदी में छोड़ दिया जाता है।

पिछले 48 घंटों में मुंबई और विशेष रूप से पवई के कैचमेंट एरिया में भारी बारिश हुई, जिससे यह तालाब जल्दी भर गया। बीएमसी के जल विभाग ने बताया कि बारिश के इस दौर में तालाब का जलस्तर तेजी से बढ़ा और 18 जून की सुबह यह अपनी पूरी क्षमता तक भर गया। पिछले साल यानी 2024 में यह तालाब 8 जुलाई को ओवरफ्लो हुआ था। इस बार यह लगभग 20 दिन पहले ही भर गया, जिससे यह स्पष्ट होता है कि इस साल मानसून ने समय से पहले दस्तक दी है और अच्छी शुरूआत की है। हालांकि पवई लेक का पानी पीने योग्य नहीं है, लेकिन यह मुंबई के लिए उद्योगों में उपयोग, बगीचों की सिंचाई, और साफ-सफाई के कार्यों के लिए काफी अहम है। खासतौर पर आरे कॉलोनी में यह पानी अन्य घरेलू उपयोगों के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

# मुंबई में फिर शुरू हुई भारी बारिश, IMD ने इन जिलों के लिए जारी किया ऑरेंज अलर्ट

**मुंबई :** मुंबई के कई हिस्सों में एक बार फिर भारी बारिश शुरू हो गई. मौसम विभाग ने बुधवार और गुरुवार को शहर में आमतौर पर बादल छाए रहने और भारी बारिश का अनुमान जताया था. वहीं अब महाराष्ट्र के कई इलाकों में बादल बरसना शुरू हो गए हैं. महाराष्ट्र आईएमडी प्रभारी शुभांगी ए भूते ने कहा, ह्लहमने देखा है कि कल से महाराष्ट्र के कई हिस्सों में बारिश हो रही है, इसका कारण एक चक्रवाती परिसंचरण है जो गुजरात क्षेत्र के पास एक कम दबाव का क्षेत्र है, इसके कारण कोंकण के उत्तरी क्षेत्र में अच्छी बारिश होगी, ठाणे, रायगढ़, रत्नागिरी में बहुत भारी बारिश होगी.ह्व उन्होंने आगे कहा, ह्लमुंबई में भी कुछ जगहों पर भारी बारिश की संभावना है. अगर पूरे महाराष्ट्र की बात करें तो घाट क्षेत्र में बारिश होगी और मैदानी क्षेत्र में कम बारिश होगी.

## संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### शर्त है महंगाई रहे नीचे...

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने मंगलवार को इस समाचार पत्र में प्रकाशित साक्षात्कार में कहा कि मुद्रास्फीति अगर रिजर्व बैंक के अनुमान से कम रहती है तो नीति में और ढील दी जाएगी। मौद्रिक नीति समिति की हालिया बैठक के बाद बाजार में कुछ भ्रम नजर आया। बैठक के बाद 6 जून को हुई घोषणा में समिति ने नीतिगत रीपो दर को 50 आधार अंक घटाकर 5.5 फीसदी कर दिया था। समिति ने कहा था, ह्यमौजूदा हालात में मौद्रिक नीति के पास वृद्धि को सहारा देने की बहुत कम गुंजाइश बची है।ह्न उसने नरम रुख को बदलकर तटस्थ कर दिया, जिसका अर्थ है कि उसके सामने सारे विकल्प रहेंगे। मगर जैसा मल्होत्रा ने साक्षात्कार में स्पष्ट किया, रुख में बदलाव का अर्थ यह नहीं है कि नीतिगत दरें फौरन बढ़ने लगेंगी।

यह समझना जरूरी है कि बाजार की 25 आधार की उम्मीद से बढ़कर 50 आधार अंक कटौती क्यों की गई। मौद्रिक नीति समिति रीपो दर में 25 आधार अंक कटौती कर अपने रुख को नरम रख सकती थी। तब शायद इतनी बहस नहीं होती। इसके बजाय समिति ने दर में एकमुश्त कटौती कर रुख बदलने का फैसला किया। चूंकि समिति के पास नीतिगत दरों में 50 आधार अंक कटौती की गुंजाइश थी, इसलिए एकमुश्त कटौती करना सही रहा क्योंकि मौद्रिक नीति में बदलाव का असर कुछ रुककर दिखता है। चूंकि समिति ने पूरी गुंजाइश इस्तेमाल कर ली, इसलिए रुख नरम रखने का कोई मतलब नहीं था। समिति के फैसले को सहारा देने के लिए रिजर्व बैंक ने नकद आरक्षी अनुपात (सीआरआर) को भी 100 आधार अंक घटाकर 3 फीसदी कर दिया। यह कटौती चार चरणों में होगी और व्यवस्था में 2.5 लाख करोड़ रुपये की टिकाऊ नकदी आ जाएगी।

रिजर्व बैंक ने साल के आरंभ से अब तक नकदी की स्थिति सुधारने के लिए कई कदम उठाए हैं। इससे वेटेड एवरेज कॉल रेट (डब्ल्यूएसीआर) यानी मौद्रिक नीति का परिचालन लक्ष्य नकदी समायोजन दायरे के निचले सिरे के करीब जा रहा था। मल्होत्रा ने कहा भी है कि रिजर्व बैंक दर कटौती का असर बेहतर तरीके से पहुंचाने के लिए देखता रहेगा कि डब्ल्यूएसीआर को दायरे के निचले छोर के करीब रखना सही होगा या नीतिगत रीपो दर के अनुरूप रखना। आज की परिस्थिति में नीति का असर बेहतर तरीके से पहुंचाने के लिए डब्ल्यूएसीआर को निचले छोर के करीब रखना समझदारी होगी। दरों पर आगे के कदमों की बात करते समय ध्यान रहे कि मौद्रिक नीति आगे की सोचती है। इसलिए पिछले महीने के मुद्रास्फीति के आंकड़े के बजाय अगली तिमाहियों के अनुमान नीतिगत मकसद से ज्यादा जरूरी हैं। मौद्रिक नीति समिति को अनुमान है कि मुद्रास्फीति की दर चालू वित्त वर्ष में औसतन 3.7 फीसदी रहेगी मगर दूसरी छमाही में यह 4 फीसदी से थोड़ी अधिक रह सकती है।

editor@rokthoklekhani.com
+91 9987775650
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK
LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE
SHARE
COMMENT
SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# मुंबई: शिवसेना (उबाठा) के पूर्व नेता भाजपा में शामिल...

**मुंबई:** शिवसेना (उबाठा) के पूर्व नेता सुधाकर बडगुजर और बबनराव घोलप सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। हालांकि भाजपा विधायक सीमा हिरय ने बडगुजर को पार्टी में शामिल किए जाने का कड़ा विरोध जताया है। बडगुजर को पार्टी में शामिल किए जाने को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई थी। बता दें कि भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने नागपुर में मीडिया को बताया था कि उन्हें सत्तारूढ़ पार्टी में बडगुजर के शामिल होने की जानकारी नहीं है लेकिन बाद में उन्होंने खुद मुंबई स्थित पार्टी कार्यालय में दोनों नेताओं को पार्टी में शामिल कराया।

### बडगुजर और घोलप पर बड़ी जिम्मेदारी

बावनकुले ने कहा कि नासिक से आने वाले बडगुजर और घोलप की जिम्मेदारी होगी कि वे स्थानीय पार्टी नेताओं द्वारा उठाई गई चिंताओं का समाधान करें और निकाय चुनावों से पहले संगठन को मजबूत करें। घोलप पूर्व राज्य मंत्री हैं। बडगुजर को कभी



शिवसेना (उबाठा) के राज्यसभा सांसद संजय राउत का करीबी माना जाता था।

### सलीम कुट्टा के साथ...

इसके अलावा एक वीडियो सामने आने के बाद बडगुजर पिछले साल के अंत में भाजपा के भी निशाने पर आए थे। इस वीडियो में वह 1993 के मुंबई सिलसिलेवार बम धमाका मामले के आरोपी सलीम कुट्टा के साथ नाचते हुए दिख रहे थे। इसके जवाब में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली विपक्षी पार्टी ने उसी कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों की मौजूदगी के भी दृश्य साझा किए थे।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नासिक पश्चिम से भाजपा विधायक सीमा हिरय और पार्टी के कुछ पूर्व पार्षदों ने बडगुजर को शामिल किए जाने को लेकर विरोध जताया था लेकिन राज्य के मंत्री गिरीश महाजन ने इस फैसले पर आगे बढ़ने का फैसला किया। महाजन को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का करीबी माना जाता है।

### बडगुजर को शामिल किए जाने को लेकर विरोध

इससे पहले दिन में एक समाचार चैनल से बात करते हुए हिरय ने कहा था, ''मैं उन पार्टी कार्यकताओं में से एक थी, जिन्होंने बडगुजर को शामिल किए जाने को लेकर विरोध जताया और उन्हें राष्ट्र-विरोधी कहा। उनके खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। उन्होंने मेरे खिलाफ चुनाव भी लड़ा था। मैं उनका पार्टी में स्वागत कैसे कर सकती हूं?''

### बावनकुले को थी नाराजगी?

बडगुजर को पार्टी में शामिल किए जाने की खबरों के बारे में पूछे जाने पर बावनकुले ने नागपुर में मीडियाकर्मियों से कहा कि उन्हें इसकी कोई जानकारी नहीं है। राज्य के राजस्व मंत्री ने कहा, ''हमारी पार्टी में ऐसे फैसले स्थानीय नेताओं, सांसदों और विधायकों से सलाह-मशविरा और आम सहमति के बाद ही लिए जाते हैं। इस मामले में नासिक में हमारे स्थानीय पदाधिकारियों ने कड़ा विरोध जताया है।'' बाद में बावनकुले ने खुद गिरीश महाजन की मौजूदगी में मुंबई भाजपा कार्यालय में दोनों नेताओं को पार्टी में शामिल कराया। उन्होंने कहा, ''मुझे लग रहा था कि बडगुजर अगले कुछ दिनों में पार्टी में शामिल होंगे। लेकिन महाजन ने आज कार्यक्रम आयोजित किया, जिससे कुछ भ्रम की स्थिति पैदा हो गई। हमें जल्द नासिक में एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित करना चाहिए ताकि कुछ अन्य लोग भी भाजपा में शामिल हो सकें।''

# 'हम ATS से हैं, तुम पाकिस्तान के लिए करती हो जासूसी'

## डराकर जालसाजों ने महिला से ठगे 22 लाख रुपए...



**मुंबई :** मुंबई में साइबर जालसाजों ने खुद को दिल्ली आतंक रोधी दस्ते (ATS) और जम्मू-कश्मीर पुलिस का कर्मी बताकर एक बुजुर्ग महिला से पाकिस्तान के लिए जासूसी करने का आरोप लगाकर 22 लाख रुपये ऐंठ लिए. अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी. एक अधिकारी ने दावा किया कि शहर में जासूसी के नाम पर लोगों को ठगने का यह पहला मामला है. उन्होंने बताया कि दक्षिण मुंबई के गिरगांव में रहने वाली 64 साल की महिला ने पिछले हफ्ते दक्षिण क्षेत्र साइबर थाने में संपर्क किया. महिला की शिकायत के मुताबिक, उसे इस महीने की शुरूआत में अज्ञात नंबरों से तीन फोन आए. अधिकारी ने बताया कि फोन करने वाले शख्स ने खुद को दिल्ली एटीएस अधिकारी प्रेम कुमार गुप्ता और 'जम्मू-कश्मीर सीमा थाने' में तैनात बताया. उन्होंने बताया कि जालसाज ने महिला से कहा कि पाकिस्तान के साथ संवेदनशील जानकारी साझा करने के लिए उसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. अधिकारी ने बताया कि इसके बाद जालसाज ने महिला को धमकी दी कि उसे जासूसी के लिए 10 साल की कैद और 50 लाख रुपये का जुमार्ना भरना पड़ेगा. उन्होंने बताया कि जालसाज ने महिला को अपने दावों पर यकीन दिलाने के लिए उसके फोन पर अपने आईडी कार्ड की तस्वीर भी साझा की.

### क्या है पूरा मामला?

अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तारी और अन्य कानूनी जटिलताओं के डर से महिला ने पांच से 10 जून के बीच जालसाज के मुहैया कराए गए विभिन्न बैंक खातों में 22.4 लाख रुपये जमा कर दिए. उन्होंने बताया कि पैसे चुकाने के बाद महिला को फोन आना बंद हो गया और बाद में उसे एहसास हुआ कि उसके साथ धोखा हुआ है.

# मुंबई मौसम अपडेट: 18 जून को बादल छाए रहेंगे, भारी बारिश और उच्च ज्वार की दी चेतावनी...!

**मुंबई :** बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने 18 जून 2025 के मौसम की जानकारी अपडेट की है, जिसमें मुंबई शहर और उपनगरों में भारी बारिश और ज्वार के ऊंचे स्तर की संभावना जताई गई है. बीएमसी के अनुसार, शहर और उसके आसपास के क्षेत्रों में सामान्य रूप से बादल छाए रहेंगे और कुछ स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना है.

18 जून 2025 को मुंबई में बादल छाए रहने के साथ-साथ कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है. यह स्थिति पूरे दिन जारी रहने की संभावना है, जिससे शहर में जलभराव और यातायात की समस्या उत्पन्न हो सकती है. मौसम विभाग ने शहरवासियों को इस दौरान सतर्क रहने की सलाह दी है, खासकर जब भारी वर्षा होने की संभावना जताई जा रही है.

बीएमसी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, 18 जून 2025 को उच्च ज्वार का समय अपराह्न 4:57 बजे और इसकी ऊंचाई 4.02 मीटर



रहने की संभावना है. इसके अलावा, 11:32 अपराह्न पर निम्न ज्वार का समय रहेगा और इसकी ऊंचाई 1.61 मीटर होगी. यह ज्वार का प्रभाव समुद्र के किनारे के इलाकों में महसूस किया जाएगा, जिससे समुद्र तट के पास रहने वाले लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है. इसके साथ ही, 19 जून 2025 के लिए भी ज्वार का पूवार्नुमान जारी किया गया है. 19 जून को सुबह 5:47 बजे उच्च ज्वार की ऊंचाई 3.38 मीटर और 11:21 बजे निम्न ज्वार की ऊंचाई 1.87 मीटर होगी. बीएमसी ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे मौसम की स्थिति के मद्देनजर सावधानी बरतें. खासकर समुद्र के नजदीक रहने वाले लोग उच्च ज्वार के दौरान अपने घरों से बाहर न निकलें.

# नवी मुंबई में अपने कैम्पस खोलने जा रहे हैं 5 बड़े अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय...



**मुंबई :** हर्ष का विषय है कि 5 बड़े अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय महाराष्ट्र के नवी मुंबई में अपने कैम्पस खोलने जा रहे हैं। इनमें वार्क (इंग्लैंड), इलिनॉय (अमेरिका), एबर्डीन (स्कॉटलैंड), वेस्टर्न आस्ट्रेलिया (आस्ट्रेलिया), इस्तितुतो यूरोपियो दि डिजाइन (इटली) का समावेश है। सवाल यह है कि क्या उपराजधानी नागपुर में एकाध नामी विदेशी विश्वविद्यालय का कैम्पस नहीं खोला जा सकता था? विदर्भ क्षेत्र को क्यों इससे वंचित रखा जा रहा है? नागपुर की सारे देश से कनेक्टिविटी है और जगह भी काफी मिल सकती है। नागपुर या अमरावती ज्ञान का केंद्र बन सकते थे।

क्या महायुति सरकार ने गठबंधन में शामिल नेताओं को खुश करने के लिए विदर्भ के हितों का बलिदान दिया? यदि अब भी मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी अपने शहर के लिए किसी अन्य विदेशी विश्वविद्यालय की सौगात ला सकें तो यह विदर्भवासियों के शैक्षणिक हित में होगा। भारत के 14 लाख विद्यार्थी विदेश जाकर उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। उन्हें मिलनेवाली स्कालरशिप की रकम के बावजूद विदेश में पढ़ाई पर बहुत मोटी रकम खर्च करनी पड़ती है। भारत में विदेशी विश्वविद्यालय का कैम्पस आने से खर्च में कमी आएगी। विदेशी यूनिवर्सिटी की डिग्री कम खर्च में हासिल की जा सकेगी। प्रतिस्पर्धा में यहां के शिक्षा संस्थान भी अपने यहां आवश्यक सुधार करेंगे।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने उच्च शिक्षा का अंतरराष्ट्रीयकरण करने के उद्देश्य से विश्व के 500 टॉप विश्वविद्यालयों को भारत आने की अनुमति दी है। क्या ये विदेशी विश्वविद्यालय अपने पाठ्यक्रम के साथ अपनी फैकल्टी (शिक्षकों) को भी साथ लाएंगे? भारत में तो कितनी ही यूनिवर्सिटी ऐसी हैं जहां पूरा टीचिंग स्टाफ नहीं है और अंशकालीन प्राध्यापकों से काम चलाया जाता है। विदेशी विश्वविद्यालयों को प्रवेश नियमों, पाठ्यक्रम और फीस के बारे में स्वायत्ता दी जाएगी। उम्मीद करनी होगी कि जिस स्तर की शिक्षा ये विश्वविद्यालय अपने मूल स्थान पर देते हैं वैसा ही स्तर भारत में भी कायम रखेंगे और अपने अच्छे से अच्छे प्रोफेसर लेकर आएंगे।

इसके बावजूद विदेश जाकर पढ़ने में एक अंतरराष्ट्रीय अनुभूति होती है और दूसरे देश के रहन-सहन व संस्कृति का सहजता से आभास हो जाता है। इस तरह का अनुभव देने के लिए ये विदेशी विश्वविद्यालय चाहें तो स्टुडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम चला सकते हैं। छात्रों के आदान-प्रदान से सांस्कृतिक व शैक्षणिक संबंधों में भी मजबूती आएगी।

# मुंबई: लोग मेहनती लोगों का समर्थन करते हैं, न कि उन लोगों का जो घर में निठल्ले बैठे हैं - शिंदे



**मुंबई:** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने पने प्रतिद्वंद्वी और शिवसेना (उबाठा) अध्यक्ष उद्धव ठाकरे पर ताजा हमला करते हुए कहा कि लोग मेहनती लोगों का समर्थन करते हैं, न कि उन लोगों का जो घर में निठल्ले बैठे हैं। मार्च 2020 में जब से महाराष्ट्र में कोरोना वायरस महामारी फैली तब से ठाकरे के प्रतिद्वंद्वी और आलोचक उन पर निशाना साध रहे हैं। उनका कहना है कि मुख्यमंत्री पद पर आसीन होने के बावजूद ठाकरे उस समय लोगों की मदद करने के लिए अपने घर से बाहर नहीं आए और केवल 'फेसबुक लाइव' (सोशल मीडिया मंच के जरिए संवाद) ही किया। शिंदे ने कहा कि जनता की सरकार 2022 में बनी। तब से हमने केवल आरोप-प्रत्यारोप में उलझने के बजाय ठोस नतीजे देने पर ध्यान केंद्रित किए रखा है।

**जनता काम करने वालों का साथ देती है, निष्क्रिय रहने वालों का नहीं**

शिंदे ने नाम लिए बिना आगे कहा कि इसलिए जनता काम करने वालों का साथ देती है, घर में निष्क्रिय रहने वालों का नहीं। वह यहां नासिक के 4 पूर्व पार्षदों को पार्टी में शामिल करने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। चारों पूर्व पार्षद ठाकरे नीत शिवसेना (उबाठा) को छोड़कर सत्तारूढ़ शिवसेना में शामिल हो गए हैं।

# मुंबई: तीन निदेशकों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज




**मुंबई:** विले पार्ले पुलिस ने शमिक एंटरप्राइजेज लिमिटेड के तीन निदेशकों- हरेश सकलचंद हिरानी, सुरेश प्रतापचंद हिरानी और संदीप सकलचंद हिरानी के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया है। इन पर गिरगांव निवासी 73 वर्षीय चुन्नीलाल वरदीचंद शाह से रियल एस्टेट निवेश के नाम पर 26.54 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप है।

एफआईआर के अनुसार, शाह ने अपनी पत्नी और बेटों- निमित और महावीर के साथ मिलकर 2011 से 2018 के बीच शमिक एंटरप्राइजेज लिमिटेड में 25.59 करोड़ रुपये नकद और 95 लाख रुपये चेक के जरिए निवेश किए। यह निवेश मुंबई के विले पार्ले में स्थित कंपनी के हिरानी विला प्रोजेक्ट में चार आवासीय फ्लैट मिलने के आश्वासन के साथ किया गया था। आरोपी कथित तौर पर निवेश की गई राशि वापस करने में विफल रहे और वादा किए गए चार फ्लैटों का स्वामित्व हस्तांतरित नहीं किया, जिन्हें उनकी कंपनी द्वारा विकसित किया जा रहा था। इसके परिणामस्वरूप 26.54 करोड़ रुपये की कथित वित्तीय धोखाधड़ी हुई है।

# मुंबई : नगर निगम के स्कूलों में अभिभावक-शिक्षक संघ (पीटीए) स्थापित करने का निर्देश



**मुंबई:** कौशल, रोजगार, उद्यमिता और नवाचार मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने शिक्षा अधिकारियों को शिक्षकों और अभिभावकों के बीच नियमित चर्चा के माध्यम से शैक्षिक मुद्दों को हल करने के लिए नगर निगम के स्कूलों में अभिभावक-शिक्षक संघ (पीटीए) स्थापित करने का निर्देश दिया है। मंत्री ने हाल ही में वालकेश्वर में कवले मठ नगर निगम स्कूल के दौरे के दौरान पीटीए के महत्व पर जोर दिया, जहां उन्होंने स्कूल के प्रवेश उत्सव में भाग लिया। लोढ़ा ने सुझाव दिया कि विभिन्न मुद्दों को हल करने के लिए पीटीए को कम से कम महीने में एक बार शिक्षकों के साथ मिलना चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान, लोढ़ा ने अभिभावकों से बातचीत की और उन्हें अपने सुझाव साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने शिक्षा अधिकारियों को महाराष्ट्र के उल्लेखनीय व्यक्तियों जैसे छत्रपति शिवाजी महाराज, अहिल्याबाई होल्कर, सावित्रीबाई फुले और डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर के योगदान के बारे में छात्रों को शिक्षित करने के लिए महीने में एक बार स्कूलों में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का भी निर्देश दिया।

# मुंबई में रैपिडो और उबर बाइक टैक्सियों के खिलाफ FIR




**मुंबई :** मुंबई पुलिस ने रैपिडो और उबर बाइक टैक्सियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में मामला दर्ज किया है। इन कंपनियों पर शहर में राज्य सरकार की अनुमति के बिना अवैध रूप से सेवाएं संचालित करने और यात्रियों को ले जाने का आरोप है। एक अधिकारी ने बताया कि क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) के निरीक्षक की शिकायत के आधार पर दोनों कंपनियों के खिलाफ आजाद मैदान पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि आरटीओ अधिकारियों ने डमी राइड बुक की थी। उन्होंने बताया कि यात्रियों को अवैध रूप से ले जाने के लिए एप आधारित एग्रीगेटर सेवाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के आदेश परिवहन आयुक्त द्वारा जारी किए गए थे। उन्होंने बताया कि अप्रैल में आरटीओ ने रैपिडो को अवैध रूप से और बिना किसी लाइसेंस के यात्रियों को ले जाने के लिए नोटिस जारी किया था।


# मुंबई में वाटर मेट्रो चलाने की तैयारी... जाम में फंसने से मिलेगा छुटकारा



**मुंबई :** कोच्चि के बाद देश दूसरे शहर मुंबई में वाटर मेट्रो चलाने की तैयारी की जा रही है. इसे वैकल्पिक ट्रांसपोर्ट के साधन के रूप में विकसित किया जा रहा है. इससे लोगों को आफिस आने जाने में जाम में फंसने से छुटकारा मिलेगा. सोमवार को कोच्चि वॉटर मेट्रो के सलाहकारों ने इस प्रोजेक्ट का प्रस्ताव पेश किया. इसमें मुंबई क्षेत्र में 29 टर्मिनल बनाने और 10 रूट शुरू करने का सुझाव दिया गया है, इस प्रोजेक्ट में जेटी टर्मिनलों पर यात्रियों के लिए सुविधाएं, वोट की खरीद और अन्य जरूरी सुविधाएं शामिल होंगी. महाराष्ट्र के मत्स्य पालन और बंदरगाह मंत्री नितेश राणे ने कहा, ''वॉटर मेट्रो मुंबई के लिए एक महत्वपूर्ण परिवहन विकल्प है. इसका काम जल्द से जल्द शुरू होना चाहिए.'' उन्होंने निर्देश दिए कि राज्य, महाराष्ट्र मैरीटाइम बोर्ड, तीन महीने के भीतर इस प्रोजेक्ट का पूरा प्लान जमा करे. इस परियोजना का अनुमानित बजट 2,500 करोड़ रुपये है. यह प्रोजेक्ट मुंबई में यात्रा का समय कम करेगी और ट्रेनों, बसों व सड़क यातायात की भीड़ को कम करने में मदद करेगी. राणे ने कहा कि जेटी और मेट्रो टर्मिनल को जमीन पर बने मेट्रो स्टेशनों की तरह विकसित करना चाहिए. इन्हें अन्य परिवहन साधनों जैसे बस और लोकल ट्रेनों के साथ जोड़ा जाना चाहिए, ताकि यात्रियों को आसानी हो.

# अहमदाबाद विमान हादसे के बाद मुंबई एयरपोर्ट क्षेत्र की सुरक्षा पर चिंता, बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका पर सुनवाई - BOMBAY HIGH COURT

**मुंबईः** अहमदाबाद विमान दुर्घटना के बाद मुंबई जैसे महानगर में हवाई अड्डा क्षेत्र के निवासियों की जान को कितना खतरा हो सकता है? इस संबंध में प्रशासन ने बुधवार को बॉम्बे हाईकोर्ट को जानकारी सौंपी. बताया गया कि छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के आसपास नियमों का उल्लंघन करके बनाई गई 48 इमारतों के खिलाफ जांच पूरी कर ली है. कोर्ट में क्या हुआः बुधवार को मुख्य न्यायाधीश आलोक अराधे और न्यायमूर्ति संदीप मार्ने की खंडपीठ के समक्ष इस याचिका पर सुनवाई हुई. मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (एमआईएएल) ने अदालत को बताया कि 48 इमारतों को तुरंत ध्वस्त करने की जरूरत है. एमआईएएल ने अदालत को बताया कि जिला कलेक्टर को 2017 में ही इन इमारतों के बारे में सूचित कर दिया गया था. सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता यशवंत शेनॉय के उपस्थित न हो पाने के कारण हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई चार सप्ताह के लिए स्थगित कर दी है.



याचिका में क्या हैः मुंबई हवाई अड्डे के रनवे फनल में कई डेवलपर्स ने ऊंचाई सीमा का पालन किए बिना ऊंची इमारतें बनाई हैं. इन इमारतों के कारण दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है. वकील यशवंत शेनॉय ने मुंबई उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर कर दावा किया है कि अगर विमान के उड़ान भरने और उतरने के दौरान कोई दुर्भाग्यपूर्ण घटना होती है, तो बड़ी जनहानि हो सकती है. इमारतों का निरीक्षणः एयरपोर्ट क्षेत्र में ऊंचाई के कारण खतरनाक मानी जाने वाली इमारतों का हर 15 दिन में निरीक्षण किया जाता है. 2010 के निरीक्षण में खतरनाक पाई गई 137 इमारतों में से 63 मामलों में अंतिम आदेश पारित किए जा चुके हैं. इनमें से 9 मामलों में अपील दायर की गई है और 6 इमारतों ने नियमों का पालन किया है. जिला कलेक्टर से कार्रवाई की उम्मीदः उस समय सरकार ने बताया था कि मुंबई नगर निगम को भी इन इमारतों के खिलाफ कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है. हालांकि, कानून के मुताबिक, जिला कलेक्टर से अपेक्षा की जाती है कि वे टोल इमारतों के खिलाफ कार्रवाई करें, जिनकी ऊपरी मंजिलें हवाई यातायात में बाधा उत्पन्न करेंगी. हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से कहा था कि इसकी जिम्मेदारी मुंबई महानगरपालिका पर डालना गलत है.

एयरपोर्ट क्षेत्र में ऊंची इमारतों का जालः मुंबई एयरपोर्ट क्षेत्र में ऊंचाई के नियमों का उल्लंघन कर सैकड़ों इमारतें खड़ी कर दी गई हैं. याचिका में दावा किया गया है कि नवी मुंबई में प्रस्तावित एयरपोर्ट के साथ भी यही बात शुरू हुई है.

## मुंबईः राज्य के नागरिकों, किसानों, छात्रों और उद्योग जगत से जुड़े बड़े फैसलों को मंजूरी दी

**मुंबईः** महाराष्ट्र सरकार की कैबिनेट बैठक मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस अहम बैठक में राज्य के नागरिकों, किसानों, छात्रों और उद्योग जगत से जुड़े 10 बड़े फैसलों को मंजूरी दी गई। इनमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर आधारित कृषि नीति, धारावी पुनर्विकास परियोजना को कर राहत, आपातकाल के दौरान जेल में रहे लोगों के मानदेय में वृद्धि और प्रवासी भारतीय छात्रों के लिए शिक्षा नीति में बदलाव जैसे निर्णय शामिल हैं।



मंत्रिमंडल के ये सभी निर्णय राज्य की आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक प्रगति के लिए महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं। इनसे किसानों, छात्रों, उद्यमियों और आम नागरिकों को सीधा लाभ पहुंचेगा। जानते हैं यह कौन-कौन से बड़े फैसले हैं।

**कृषि क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित नई नीति को मंजूरी**

राज्य में वर्ष 2025 से 2029 तक लागू रहने वाली ''कृषि में कृत्रिम बुद्धिमत्ता'' नीति को मंजूरी दी गई है। इस नीति के अंतर्गत किसानों को ड्रोन, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, पूवार्नुमान विश्लेषण, सैटेलाइट डेटा और अन्य उन्नत तकनीकों के माध्यम से खेती में सहायता मिलेगी। यह नीति किसानों को सटीक जानकारी, मौसम आधारित सलाह और उत्पादन बढ़ाने में मदद करेगी। सरकार का उद्देश्य डिजिटल खेती को तेज गति से बढ़ावा देना है।

धारावी के पुनर्विकास से जुड़ी एजेंसियों और विशेष प्रयोजन संस्था के बीच किए गए पट्टे करारों पर स्टांप ड्यूटी में पूर्ण छूट दी गई है। यह निर्णय धारावी के लाखों नागरिकों के पुनर्वास और पुनर्विकास की प्रक्रिया को गति देगा और निवेशकों के लिए भी प्रोत्साहन का कार्य करेगा।

## मुंबई : ईओडब्ल्यू आईपीएस अधिकारी के पति पुरुषोत्तम चव्हाण की हिरासत मांगी






**मुंबई :** मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने मंगलवार को एक अदालत में याचिका दायर कर आईपीएस अधिकारी के पति पुरुषोत्तम चव्हाण की हिरासत मांगी। उन पर सूरत के एक व्यवसायी और अन्य लोगों के साथ 7.42 करोड़ रुपये की ठगी करने का आरोप है। एक अधिकारी ने बताया कि ईओडब्ल्यू को बुधवार को चव्हाण की हिरासत मिलने की संभावना है। वर्तमान में चव्हाण एक अन्य मामले में न्यायिक हिरासत में हैं।

यह चव्हाण के खिलाफ ईओडब्ल्यू की ओर से दर्ज किया गया दूसरा मामला है। आरोप है कि चव्हाण ने व्यवसायी से सरकारी कोटे के भूखंडों को रियायती दरों पर बेचने का झूठा वादा करके लोगों से पैसे लिए। इसके अलावा उन्होंने व्यापारियों को महाराष्ट्र पुलिस अकादमी के लिए टी-शर्ट आपूर्ति के ठेके दिलाने का भी वादा किया था। ईओडब्ल्यू ने मंगलवार को इस मामले में चव्हाण की हिरासत मांगी, जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया। हालांकि, जेल अधिकारियों ने ईओडब्ल्यू से मनी लॉन्ड्रिंग निवारण अधिनियम (पीएमएलए) अदालत का आदेश प्रस्तुत करने को कहा। इसके चलते, चव्हाण की हिरासत बुधवार को मिलने की उम्मीद है।

## दाऊद के गुर्गे से संबंध रखने के आरोपी बडगुजर भाजपा में शामिल...



**मुंबई :** अंडरवर्ल्ड डॉन दाउद इब्राहिम के गुर्गे मोहम्मद सलीम मीरा शेख उर्फ सलीम से संबंध रखने के आरोपी और शिवसेना (यूबीटी) से निष्कासित नेता सुधाकर बडगुजर मंगलवार को भाजपा में शामिल हो गए। ठाकरे की पार्टी के नेता और पूर्व मंत्री बबनराव घोलप भी नासिक स्थित कार्यालय में भाजपा का दामन थाम लिया। महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले, कार्याध्यक्ष रवींद्र चव्हाण और कैबिनेट मंत्री गिरीश महाजन ने दोनों को पार्टी में शामिल कराया। नासिक के नेता सुधाकर बडगुजर शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत के करीबी माने जाते थे।

## कोलाबा इलाके में बड़ी चोरी का मामला...

## हीरे की बालियां और करीब 35 लाख रुपये की रोलेक्स घड़ी चोरी

**मुंबईः** दक्षिण मुंबई के कोलाबा इलाके में एक बड़ी चोरी का मामला सामने आया है, जहां व्यवसायी प्रदीप सनत शाह के घर से हीरे की बालियां और करीब 35 लाख रुपये की रोलेक्स घड़ी चोरी हो गई। शाह, जो प्रिंटिंग मशीनरी के निर्माण में लगे हुए हैं, ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें घरेलू



कर्मचारियों की संलिप्तता का संदेह है - विशेष रूप से एक हाउसकीपर जो बिना बताए छुट्टी पर चला गया था।

कोलाबा पुलिस में दर्ज एफआईआर के अनुसार, यह घटना 1 जून से 13 जून के बीच हुई, जब शाह और उनकी पत्नी लंदन में छुट्टियां मना रहे थे। 1 जून को, शाह की पत्नी ने अपने पुराने हीरे की बालियां (लगभग 20 लाख रुपये की कीमत) और एक सोने की रोलेक्स घड़ी (लगभग 15 लाख रुपये की कीमत) बेडरूम की अलमारी के अंदर एक दराज में रख दीं। अगले दिन, शाह काम पर चले गए और उनकी पत्न ी दिन भर बाहर रहीं। कथित तौर पर बेडरूम खुला रहा और अलमारी की चाबी घर के अंदर ही रह गई।

## धारावी में नाले में औद्योगिक कचरा फेंके जाने पर अज्ञात के खिलाफ FIR

**मुंबई :** बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने धारावी के एक नाले में औद्योगिक कचरा फेंकने के आरोप में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। इस नाले की हाल ही में सफाई की गई थी। मंगलवार को जारी एक विज्ञप्ति में, मुंबई नगर निगम ने कहा कि बीएमसी के जी नॉर्थ वार्ड के ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग के एक जूनियर पर्यवेक्षक ने सोमवार को शाहू नगर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के अनुसार, घटना 16 जून को धारावी में टी-जंक्शन के पास हुई। टी-जंक्शन नाले में बड़ी मात्रा में थमोकोल,




रबर, प्लास्टिक के रैपर, पार्सल बॉक्स और लकड़ी का कचरा फेंका हुआ था। बीएमसी अधिकारियों ने कहा कि यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब पूरे शहर में मानसून से संबंधित सफाई अभियान चल रहे हैं।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com